**Patrika (Indore), 13th August 2022, Front Page-06**

आइआइटी का दीक्षांत समारोह आज

# 2022 बैच के एक छात्र को 62.5 लाख का पैकेज

## आइआइटीयंस को परखने कैंपस आईं 130 कंपनियां, 48.2 लाख रहा हाइएस्ट इंटरनेशनल पैकेज

## 246 डिग्रीधारी विद्यार्थियों को मिला पसंदीदा सेक्टर में काम करने का मौका



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी), इंदौर का दसवां दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा। समारोह में 486 विद्यार्थियों को डिग्री व टॉपरों को मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस बार पासआउट बैच की काबिलियत परखने 130 कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट में पहुंची थीं। इन्होंने 246 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर की। 2022 बैच का हाइएस्ट पैकेज 62.5 लाख रुपए रहा है।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल काकोडकर होंगे। अध्यक्षता आइआइटी के शासी मंडल के अध्यक्ष प्रो. दीपक बी.फाटक करेंगे। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में 269 बीटेक, 64 एमटेक, 88 एमएससी, 61 पीएचडी और 4 एमएस रिसर्च की पढ़ाई पूरी करने वाले हैं। समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है।

### कोविड से जुड़ी रिसर्च में शामिल

इस बैच के 246 विद्यार्थियों को पसंदीदा सेक्टर में काम करने का मौका मिला है। हाइएस्ट घरेलू पैकेज 62.5 लाख सालाना और हाइएस्ट इंटरनेशनल पैकेज 48.2 लाख ऑफर किया है। बैच को औसत 23.5 लाख का डोमेस्टिक पैकेज मिला है। इंटरनेशनल पैकेज का औसत 42.75 लाख रहा।

### अभिभावक भी होंगे शामिल

कोविड के कारण पिछले दो सत्र का दीक्षांत समारोह प्रभावित हुआ। 2020 का दीक्षांत समारोह ऑनलाइन मोड पर कराया गया था जबकि 2021 के दीक्षांत समारोह में सिर्फ मेडल पाने वालों को ही बुलाया गया। इस बार कोविड संक्रमण की स्थिति सामान्य होने के कारण डिग्री पूरी कर रहे विद्यार्थियों के अभिभावक भी समारोह में शामिल होंगे।